







# शहर सरकार के बजट को पक्ष-विपक्ष के तर्क और सुझावों के साथ दी गई मंजूरी

## महापौर ने विपक्ष के सवालों का दिया जवाब, बजट की बैठक में नहीं पहुंचे कई पार्षद, पांच घंटे चली बजट पर चर्चा, आय-व्यय में 109 लाख का अंतर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 मार्च, नगर निगम रीवा का 17 वां स्थगित साधारण सम्मिलन मंगलवार को सम्पन्न हुआ. जहा वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्यय को लेकर चर्चा की गई. पक्ष और विपक्ष के पार्षदो ने बजट को लेकर अपने-अपने सुझाव दिये. वही बजट की कमियों को विपक्ष ने उजागर किया. बजट को लेकर मैराथन बैठक के दौरान कई विषयों को लेकर नोकझोक भी हुई.**





परिषद अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय की अध्यक्षता एवं महापौर अजय मिश्र बाबा, निगम आयुक्त डा. सौरभ सोनवणे की मौजूदगी में बैठक पर विस्तृत चर्चा की गई. विपक्ष ने बजट को केवल आकड़ो का खेल बताया और सवाल उठाते हुए जवाब मांगा. जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने बैठक का बहिर्गमन किया. वही बजट जैसे अहम बैठक से कई पार्षद नदारत रहे. आय-व्यय में 109 लाख का अंतर रहा. पार्षदगणों द्वारा दिये गये सुझावों, संशोधनों एवं प्रावधानों का सम्मिलित करते हुए वित्तीय वर्ष 2026-2027 का बजट परिषद में अंगीकार किया गया. अंत में वित्त एवं लेखा विभाग के प्रभारी सदस्य रवि तिवारी ने परिषद के अध्यक्ष एवं सभी पार्षदगणों के प्रति आभार व्यक्त किया. सर्वप्रथम वित्तीय वर्ष 2026-2027 के आय-व्यय पत्रक पर पार्षद राजीव शर्मा, अख्तर अली, श्रीमती ज्योति प्रदीप सिंह, श्रीमती पूजा प्रमोद सिंह, विधायक प्रतिनिधि विवेक दुबे, अंबुज रजक, श्रीमती ज्योति कबीर पासा, सजंय खान, सूरज केवट समीर शुक्ला, सालिकराम नापित, श्रीमती अर्चना शिवदत्त पाण्डेय एवं दीनानाथ वर्मा ने अपने सुझाव, प्रश्न एवं वक्तव्य प्रस्तुत किये. एमआईसी सदस्य धनेंद्र सिंह बघेल ने परिषद में बजट में आए सुझावों और शंकाओं, प्रश्नों का जवाब दिया. साथ ही उन्होंने कहा कि नगर पालिक निगम परिषद की बैठक में बजट चर्चा के दौरान पालन प्रतिवेदन को लेकर चर्चा पर भी उन्होंने जवाब दिया. पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की मांग पर प्रभारी सदस्य, मेयर-इन-काउंसिल धनेन्द्र सिंह ने नियमों और अधिनियमों का हवाला दिया. उन्होने कहा कि परिषद द्वारा सर्वसम्मति या बहुमत से पारित कोई भी प्रस्ताव निगम का निर्णय होता है, जिसका क्रियान्वयन कराने का अधिकार आयुक्त में निहित है. ऐसे सभी निर्णयों का समावेश आगामी वर्ष के बजट में किया जाता है, जिसकी जानकारी सभी पार्षदों को उपलब्ध रहती है. उन्होने स्पष्ट किया किसी भी सदस्य के कहने मात्र से परिषद में पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का प्रावधान नही है.

### बजट में नागरिकों की सीधी सहभागिता : अजय

बजट पर महापौर अजय मिश्रा बाबा ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को जनसहभागिता, संतुलन और विकास पर आधारित बताया. उन्होंने कहा कि यह छठवीं परिषद का चैथा बजट है, जिसे वित्त एवं लेखा विभाग के प्रभारी सदस्य रवि तिवारी द्वारा परिषद के समक्ष रखा गया है. इस वर्ष बजट में कोई नया कर प्रस्तावित नहीं किया गया है .महापौर ने कहा कि बजट निर्माण में शहर के नागरिकों की सीधी सहभागिता, उनके सुझाव एवं मार्गदर्शन को शामिल किया गया है. समाज के सभी वर्गों की अपेक्षाओं और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए लोकलुभावन प्रावधानों से दूर रहकर व्यावहारिक एवं जनोपयोगी बजट तैयार किया गया है. उन्होंने बताया कि आय-व्यय के अंतर में निरंतर सुधार हुआ है. वर्ष 2024-25 में यह अंतर 7019.62 लाख रुपए था, जो 2025-26 में घटकर 1321.86 लाख हुआ और वर्ष 2026-27 में इसे घटाकर मात्र 109.96 लाख कर दिया गया है, जो निगम की मजबूत वित्तीय प्रबंधन क्षमता को दर्शाता है .महापौर ने कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष में वार्डों के समुचित विकास के लिए 118.90 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जो विगत वर्ष से 48.90 करोड़ अधिक है. इससे उन वार्डों में विशेष ध्यान दिया जाएगा जहां विकास कार्य अभी पूर्ण रूप से नहीं हो पाए हैं. उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों, दिव्यांगजनों के कल्याण, उनके हितों की रक्षा एवं नगरीय निर्धनता के उन्मूलन के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए गए हैं. नगर के विकास, सौंदर्यीकरण, वृक्षारोपण, सीवरेज, जलाशयों के पुनरोद्धार, परिवहन व्यवस्था, वॉटर एटीएम सहित नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के व्यापक प्रावधान बजट में किए गए हैं. महापौर ने नगर निगम को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शासन के समक्ष विस्तृत सुझाव रखते हुए कहा कि शहर की नजूल भूमियों को निजी आवंटन के बजाय अधिनियम की धारा 81-अ के तहत नगर निगम को हस्तांतरित किया जाना चाहिए, ताकि निगम स्वयं आवासीय एवं व्यावसायिक परियोजनाएं विकसित कर अपनी आय के स्थायी स्रोत बना सके. साथ ही, वर्तमान में अन्य एजेंसियों द्वारा संचालित पुनर्घनत्वीकरण योजनाओं को नगर निगम के माध्यम से क्रियान्वित कराया जाना चाहिए, क्योंकि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं निगम ही उपलब्ध कराता है, जिससे निगम की आय में सीधा लाभ सुनिश्चित होगा. नगर निगम शहर की सड़कों के साथ अन्य विभागों की सड़कों का भी रखरखाव करता है, लेकिन इसके लिए मिलने वाला अनुदान अपर्याप्त है, अनुरक्षण मद में राशि बढ़ाई जाय.

### प्रतिमा को लेकर विपक्ष का वाकआउट

बजट को लेकर मैराथन बैठक में विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा हुई और जब प्रतिमा लगाने को लेकर चर्चा शुरू हुई तो विपक्ष सदन से हंगामा करते हुए वाकआउट कर दिया. शहर में महापुरुषों की प्रतिमाओं की सूची में पूर्व सीएम स्व. कुंवर अर्जुन सिंह का नाम नहीं रखने को लेकर भाजपा के पार्षदों ने हंगामा किया और महापौर अजय मिश्रा बाबा का जबाव सुनने से पहले ही सदन से वाकआउट कर गए. दीनानाथ वर्मा ने इसे अपमान बताया, इसके जबाव में महापौर ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई तथा महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव सहित अन्य महान विभूतियों की प्रतिमाओं की स्थापना की प्रक्रिया जारी है. अंत में परिषद में बजट अंगीकार किए जाने पर वित्त एवं लेखा सदस्या रवि तिवारी ने बजट और उसमें निहित जनहितैषी योजनाओं पर चर्चा की.



### पौधरोपण-सीवरेज निर्माण को लेकर विपक्ष ने उठाए सवाल

बजट की चर्चा के दौरान वाहन की उपलब्धता, इस्तेमाल और उनके मेंटेनेंस, पद्मधर पार्क के निर्माण की गुणवत्ता और पौधरोपण पर कई सवाल उठाए गए. चर्चा में शामिल राजीव शर्मा, ज्योति सिंह, पूजा सिंह, विधायक प्रतिनिधि विवेक दुबे, अंबुज रजक, ज्योति कबीर पासा, सजंय खान, सूरज केवट समीर शुक्ला, सालिकराम नापित, अर्चना शिवदत्त पाण्डेय एवं दीनानाथ वर्मा ने इन मुद्दों पर महापौर से जबाव मांगा. पार्षदों का कहना था कि बजट से शहर के लोगों को गुमराह किया जा रहा है. इतने बड़े पैमाने पर रोपे गए पौधे कहां गायब हो गए. सीवरेज की खुदाई दौरान निकला कंक्रीट, छड़ें कहां गई. वाहनों के मामले में पार्षद राजीव शर्मा ने परिषद अध्यक्ष वेंकटेश पांडेय को आवेदन देकर एफआईआर कराने की मांग की.

## संक्षिप्त

### रीवा संभाग में 15 अप्रैल से होगी गेंहू की खरीदी

**रीवा,** शासन द्वारा किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीदी की जाती है. रबी विपणन वर्ष 2026-27 में रीवा संभाग में किसानों से 15 अप्रैल से गेंहू की खरीद की जाएगी. इस संबंध में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा संभाग के सभी कलेक्टर्स को निर्देश जारी कर दिए गए हैं.

### जनपद सीईओ नईगढ़ी को कारण बताओ नोटिस जारी

**मऊगंज,** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने जनपद पंचायत नईगढ़ी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऊषा किरण गुप्ता को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. यह नोटिस जल स्वावलंबी योजना के तहत चयनित ग्राम पंचायत बहुती का डीपीआर प्रस्तुत न करने पर जारी किया गया है. जारी नोटिस का तीन दिन में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत न करने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी.

### माकपा के विनय शंकर मुफलिस नहीं रहे



**रीवा,** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला समिति सदस्य श्रमिक संगठन सीटू के सहायक महासचिव विनय शंकर तिवारी (मुफलिस) नहीं रहे. उनकी तबीयत एक माह से खराब थी कई जगह ट्रीटमेंट हुआ. शहर की एक निजी अस्पताल में उन्होंने अपना दम तोड़ दिया. जिनका दाह संस्कार रीवा मुक्ति धाम बंदरिया में हुआ. पार्टी के जिला सचिव अमित सोहगौरा सीटू के जिला अध्यक्ष गिरजेश सिंह सेंगर महासचिव सौरव मिश्रा किसान नेता संजय निगम भैया लाल त्रिपाठी रामजीत सिंह रामनरेश सिंह तेजभान सिंह गोकारन शर्मा कान्ति कुमार दुबे, आशा उषा एकता यूनियन के महासचिव निर्मला सिंह उपाध्यक्ष मंजूषा शुक्ला तारा सिंह आंगनबाड़ी के नेता फूलवती नामदेव रामवती सिंह मालती रावत राकेश सिंह शंकर दहिया उपस्थित रहे.

### लंबित आवेदनों का तत्काल करें निराकरण : सीईओ

**रीवा,** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में अधिकारियों को संकल्प से समाधान अभियान के लंबित आवेदन पत्रों का अति शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने कहा है कि सभी विभागीय अधिकारी इस कार्य को प्राथमिकता में लेते हुए लंबित आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित करें. उल्लेखनीय है कि संकल्प से समाधान अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च तक चलाया गया. इस अवधि में विभिन्न विभागों द्वारा शिविर लगाकर आमजनों के आवेदन पत्र लिए गए और उनका निराकरण किया गया. बैठक में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे.



### कमिश्नर हर मंगलवार को साइकिल से पहुंचते हैं कार्यालय

**रीवा,** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने पर्यावरण संरक्षण और शरीर को स्वस्थ रखने को लेकर प्रेरणादायक मिसाल पेश कर रहे हैं. कमिश्नर पिछले कई महीनों से प्रत्येक मंगलवार को अपने शासकीय वाहन के बजाय साइकिल से कार्यालय पहुँचते हैं. उनका यह कदम न केवल प्रदूषण कम करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है, बल्कि आम जनमानस को शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूक करने का माध्यम भी बना हुआ है. इस मंगलवार को भी कमिश्नर और अन्य अधिकारी साइकिल से कार्यालय पहुंचे. कुछ अन्य अधिकारियों ने कार्यालय पहुंचने के लिए ई रिक्शे का उपयोग किया. कमिश्नर जामोद ने इस पहल के माध्यम से संदेश दिया है कि पर्यावरण की रक्षा और शरीर को निरोग रखना वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है. उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों से अपेक्षा की है कि वे स्वप्रेरणा अपने कर्तव्य स्थल या आसपास के स्थानों तक जाने के लिए सप्ताह में कम से कम एक दिन साइकिल का उपयोग करेंगे.



## सेवानिवृत्त प्रभारी संयुक्त संचालक डॉ. डीएस बघेल को दी गई विदाई

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 मार्च, प्रभारी संयुक्त संचालक पशुपालन डेयरी डॉ. धीरेन्द्र सिंह बघेल 31 मार्च को अपनी शासकीय सेवा की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए. कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित विदाई समारोह में कमिश्नर बीएस जामोद ने सेवानिवृत्त अधिकारी को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं.**

कमिश्नर ने कहा कि डॉ. बघेल रीवा संभाग में प्रभारी संयुक्त संचालक पशुपालन एवं डेयरी के पद पर सितम्बर 2025 से पदस्थ थे. उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी लगन के साथ किया. वह एक कर्मठ और निष्ठावान अधिकारी रहे. समारोह में उपस्थित सभी अधिकारियों ने भी डॉ. बघेल को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और पद पर रहते हुए उनके द्वारा किए कार्यों की प्रशंसा की. समारोह में डॉ. बघेल को सेवानिवृत्ति पर शॉल और श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया. इसी तरह अन्य विभागों में भी सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई. नगर निगम सहित कई विभागों में कर्मचारी सेवानिवृत हुए.

## घोघर कब्रिस्तान में सीसीटीवी कैमरा और लाइट में हुई तोड़फोड़

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 मार्च, रीवा के घोघर कब्रिस्तान में अवैध कब्जे को लेकर बीते दिवस हुई पत्थर बाजी के बाद रात होते ही कब्रिस्तान परिसर के कैमरा और लाइट में जमकर तोड़फोड़ की गई.**

कब्रिस्तान कमेटी के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के लिए परिसर के अंदर कैमरा एवं लाइट लगाई गई थी, कमेटी का यह भी आरोप था कि कब्रिस्तान में नशे के अवैध गतिविधियों के साथ-साथ चोरी के वाहन भी रखे जाते हैं जिसे सिटी कोतवाली पुलिस ने कुछ समय पूर्व बरामद किया था. इन्हीं अवैध गतिविधियों को देखते हुए कब्रिस्तान परिसर में कैमरे लगाए गए थे जिस पर बीती रात अज्ञात बदमाशों के द्वारा तोड़फोड़ की गई है.

यहां तक कि परिसर के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे के वायर एवं इलेक्ट्रिक वायर को भी काट कर फेंक दिया गया. इस बात को लेकर जब सुबह कमेटी को जानकारी हुई तो मुस्लिम समुदाय के काफी लोग एकत्रित हो गए जानकारी शहर काजी को भी दी गई मौके पर पहुंचे शहर काजी एवं कमेटी के पदाधिकारी ने पुलिस को जानकारी देते हुए मामले के आरोपियों पर कार्यवाही करने की बात कही है.

दरअसल रीवा के घोघर कब्रिस्तान में निरंतर हो रहे अवैध कब्जे को लेकर कमेटी के द्वारा एतराज किया गया था इस दौरान दोनों पक्षों के बीच बीते दिवस विवाद की स्थिति निर्मित हुई थी. जिसके बाद पत्थरबाजी भी हुई थी.


## पति से झगड़ा कर महिला ने किया नशे का सेवन

**रीवा, 31 मार्च,** सिविल लाइन थाना क्षेत्र कनोडिया पेट्रोल पंप के समीप नशे में मदहोश एक महिला झूम मिली है. जानकारी मिलने के बाद सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और महिला पुलिस की मदद से बदहवास हालत में महिला को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बताया गया कि महिला काफी नशे में थी और पति से झगड़ा करके घर से निकली है. महिला शहर के तरहटी मोहल्ले की बताई जा रही है, जानकारी उसके परिजनों को दी गई है.

## जनसुनवाई से मोह भंग, केवल पहुंचे 40 आवेदन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 मार्च, जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण को लेकर जन सुनवाई शुरू की गई है. लेकिन आवेदन देने के बाद केवल निराकरण का आश्वासन मिलता है और निराकरण होता नही है.**




लिहाजा लोगो का जन सुनवाई से मोह भंग होने लगा है. मंगलवार को केवल 40 आवेदन ही पहुंचे. दरअसल शिकायत के बाद किसी तरह की कार्यवाही नही होती तो लोग अब जनसुनवाई में आना कम कर दिये है. बिजली एवं राजस्व से जुड़े मामले जनसुनवाई में पहुंचे. कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आमजनों के आवेदन पत्रों की सुनवाई की गई. जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर राजेश सिन्हा और डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुमार बेक ने आमजनों के 40 आवेदन पत्रों में सुनवाई की. जनसुनवाई में सेमरिया तहसील के ग्राम खड्डा निवासी राजवती साकेत ने बीपीएल में नाम जोड़ने तथा पेंशन दिलाए जाने के लिए आवेदन दिया. इसी प्रकार नगर परिषद सिरमौर के नगरवासियों ने रीवा-सिरमौर रोड में स्थित कम्पोजिट शराब दुकान को अन्यत्र स्थापित कराए जाने के संबंध में आवेदन दिया.

## सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का करें तत्परता से निराकरण : जामोद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 मार्च, कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा की.**



कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन की 50 दिवस से अधिक और नॉन अटेंडिंग शिकायतों को गंभीरता से लें. जिला स्तर के अधिकारी लंबित प्रकरणों का तत्परता से निराकरण कराएं. सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में सिंगरौली जिले ने अच्छा कार्य करते हुए ए ग्रेडिंग हासिल की है. अन्य जिले भी लंबित शिकायतों का निराकरण कर अपनी ग्रेडिंग सुधारें. कमिश्नर ने 'कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस' के एजेंडा बिंदुओं पर की गई कार्यवाही की भी समीक्षा की. उन्होंने निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित प्राथमिकताओं पर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तत्काल ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कराएं जिससे शासन स्तर पर संभाग की वास्तविक प्रगति परिलक्षित हो सके. सभी विभाग गत वित्तीय वर्ष में दिए गए लक्ष्यों के आधार पर हुई प्रगति का प्रतिवेदन प्रस्तुत करें. बैठक में कमिश्नर ने कहा कि नरवाई जलाना पर्यावरण और भूमि दोनों के लिए हानिकारक है. इससे वायु प्रदूषण में बढ़ोत्तरी होती है और मृदा की उर्वरता भी प्रभावित होती है. इसलिए किसानों को नरवाई न जलाने के लिए समझाइश दें. हार्वेस्टर में स्ट्रारीपर लगे होने पर ही उन्हें फसल कटाई की अनुमति दें. बैठक में अधिकारी मौजूद रहे.

## अवैध खनन के विवाद में दो युवकों पर लाठी डंडे से हमला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 मार्च, रीवा के चोरहटा थाना क्षेत्र में निरंतर हो रहे अवैध उत्खनन पर रोक लगाने में प्रशासन पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है. बीती रात अवैध उत्खनन को लेकर दो युवकों के साथ जमकर मारपीट हुई जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए.**

घटना बीती रात तकरीबन 1 बजे की बताई गई है, जब आरोपी जेसीबी श्मशान घाट में लेकर पहुंच गए, इस बात पर एतराज करने पर आरोपियों ने सोनरा निवासी सोनम सिंह भदौरिया और हिमांशु सिंह के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया. आरोप है कि आरोपियों के द्वारा लाठी डंडे एवं राड से हमला किया गया. घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जानकारी मिलने के बाद पुलिस के द्वारा दोनों घायलों को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. अवैध उत्खनन लम्बे समय से क्षेत्र में चल रहा है जिसका विरोध करने पर आये दिन विवाद की स्थित बनती है.

## कटरा में पेंशनरों को किया गया सम्मानित

नवभारत न्यूज

**कटरा, 31 मार्च, प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन पेंशनरों का एक संगठन है जो 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके अपने पेंशनर साथियों का शाल श्रीफल द्वारा सम्मान करता है.**

यह सम्मान समारोह पूर्व में गंगेव में आयोजित हो चुका था ,लेकिन कटरा के चार पेंशनर किन्हीं कारणो बस उक्त सम्मान समारोह में नहीं पहुंच पाए थे, जिन्हें 31 मार्च को कटरा में एक सम्मान समारोह आयोजित कर शंकर लाल गुप्त, जनार्दन प्रसाद मिश्र ,राजनाथ नापित मुंशीलाल सोनी को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटरा हाई सेकंडरी विद्यालय के प्राचार्य आर सी दास एवं विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाज सेवी एवं पत्रकार शिवरतन नामदेव थे.

## नशीली कफ सिरप के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 मार्च, गोविन्दगढ़ पुलिस ने अवैध नशीली कफ सिरप की बिक्री कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. जिसके पास से 100 नग नशीली कफ सिरप बरामद की गई है.**



गोविन्दगढ थाना अन्तर्गत चौकी शिवपुर्वा क्षेत्र मे मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस स्टाफ व्दारा घेराबंदी कर एक व्यक्ति को 100 नग अवैध नशीली कफ सीरफ के साथ सहिजना मोड़ के पास नहर के किनारे पकड़ा गया. आरोपी से अपराध मे प्रयुक्त वाहन और मोबाइल भी जप्त हुए है. आरोपी के सहयोगी और अपराध मे सलिप्त दो अन्य को भी प्रकरण मे आरोपी बनाया गया है. तीन आरोपियो के विरुध्द प्रकरण कायम किया गया. आरोपी अजय तिवारी उर्फ शिब्बू निवासी ग्राम सहिजना नम्बर दो को गिरफ्तार किया गया.